हरिभूमि
# कोरिया भूमि
बिलासपुर, गुरुवार, 25 जनवरी 2024
[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

तापमान
अधिकतम 21 डिग्री
न्यूनतम 12 डिग्री

4 स्वीकृत कार्यों को समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करें


## खबर संक्षेप



### आश्रम की छात्राओं ने प्रस्तुत की रामलला की सुंदर झांकी

**नगर।** ग्राम नगर पहाड़पारा में स्थित आदिवासी कन्या आश्रम की छोटी-छोटी बच्चियों द्वारा 22 जनवरी को श्रीराम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा के अवसर में भगवान श्रीराम जानकी व लक्ष्मण जी की मनमोहक झाँकी प्रस्तुत की, जिनकों आश्रम में प्रवेश दिलाकर विधिवत पूजा किया गया, साथ ही जयकारों के साथ भजन गाया गया व प्रसाद वितरण किया गया।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ होंगे सम्मानित

**बैकुण्ठपुर।** 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर बुधवार को जिला पंचायत ऑडिटोरियम में दोपहर 1 बजे स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान नवीन मतदाताओं को मुख्य अतिथि के हाथों ईपिक कार्ड एवं बैज वितरण किया जाएगा। इसी कड़ी में विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले बूथ लेवल अधिकारी तथा अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर स्कूल एवं कॉलेज के छात्र-छात्राओं तथा अधिकारी-कर्मचारियों को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण मतदान और देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखने तथा निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाती जाएगी।

### गणतंत्र दिवस पर बंद रहेगी शराब दुकान

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट विनय कुमार लंगेह ने छग आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 की उपधारा 1 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस तथा 30 जनवरी को महात्मा गांधी निर्वाण दिवस के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया है। जिले के अवस्थित समस्त कंपोजिट मदिरा दुकान, देशी, विदेशी मदिरा दुकान तथा क्लब बार पूर्णतः बंद रहेंगी।

### तीन घरों से 15 बोतल महुआ शराब जब्त

**नगर।** चरचा थानांतर्गत ग्राम पंचायत नगर में 23 जनवरी की शाम को तीन घरों में छापा मार कर चरचा पुलिस द्वारा 15 बोतल महुआ शराब जब्त कर कार्रवाई की है। इसमें सुंदरी बाई नगर स्टेशन के पास 7 बोतल ,रामजनम 4 बोतल व रामनारायन के घर से 4 बोतल शराब की जब्ती बना कर इनके ऊपर कार्रवाई की गई है। विदित हो कि ग्राम नगर के कई लोगों के घरों में बड़ी मात्रा में देशी महुआ शराब बनाई व बेची जाती है। आसानी से गांव में ही सुलभ हो जाने के कारण ग्राम के अधिकांश नवयुवक व किशोर नशे की हालत में ग्राम के गली-मोहल्ले में देखे जा सकते हैं। इस संबंध में ग्रामीण अमित, चंद्रशेखर, अंकित, पूर्व उप सरपंच राजीव मिश्रा ने बताया कि ग्राम में बड़े पैमाने में महुआ शराब का व्यापार धड़ल्ले से चल रहा है। चरचा थाना द्वारा इसमें अंकुश लगाने के उद्देश्य से बहुत ही सार्थक पहल की है, अब अगर कुछ बड़े व्यापारियों के यहां भी कार्रवाई हो जाए तो गांव के कई परिवारों को बिखरने व बर्बाद होने से बचाया जा सकता है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी अनिल किंडो, शिवेन्द्र तिवारी, सतीश सिंह सहित महिला पुलिस गीता शामिल रहे।

### व्यापारी ने लगाई फांसी

**अम्बिकापुर।** सुबह टहलने निकले सेंट्रिंग के व्यवसायी ने अपने घर के छत पर स्थित स्टोर रूप में फांसी लगा लिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। परिजन के मुताबिक व्यवसायी शुगर बीमारी से पीड़ित था और पूर्व में भी फांसी लगाने का प्रयास किया था।



गोल्डकप फुटबाल टूर्नामेंट का मैच देखते अतिथि।


किक मारकर टूर्नामेंट का शुभारंभ करते विधायक भइयालाल राजवाड़े।

## 48वां अखिल भारतीय शेषन स्मृति गोल्डकप का रंगारंग समापन

# गोल्डकप टूर्नामेंट की विजेता बनीं पठानकोट

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

48 वां अखिल भारतीय शेषन स्मृति गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन समारोह बुधवार को चरचा कॉलरी के महाजन स्टेडियम में खेला गया। टूर्नामेंट में 12 वें दिन बुधवार को फाइनल मैच 3:28 में डाउन टाउन हीरोज कश्मीर वर्सेस एसटीएफ सी पठानकोट पंजाब के मध्य खेला गया, इसमें पठानकोट की टीम विजेता बनीं।

फाइनल मैच के मुख्य अतिथि बैकुंठपुर विधायक भईयालाल राजवाड़े, विशिष्ट अतिथि कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल,महाप्रबंधक बीएन झा, खान प्रबंधक सिमरजीत सिंह, खान सुरक्षा अधिकारी एमआर मांडवी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष वेदांती तिवारी, पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष नजीर अजहर, पूर्व नपाध्यक्ष अजीत लकड़ा, पूर्व नपाध्यक्ष श्रीमती कुंती चक्रधारी, नपा उपाध्यक्ष राजेश सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष अरुण जायसवाल आदि


मैदान में खिलाड़ी।

उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहक्षेत्र प्रबंधक जितेन्द्र कुमार ने किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथियों का शैला नृत्य, शाल श्रीफल एवं पुष्प माला से स्वागत किया गया। मैच प्रारंभ के पश्चात मुख्य अतिथियों ने श्री शेषन एवं श्री महाजन को माला पहनाकर, खिलाड़ियों से परिचय, राष्ट्रीय गान, कोल इंडिया कॉरपोरेट गीत एवं इस कमेटी के पूर्व सदस्य राकेश शर्मा को 1 मिनट का मन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित कर मैच प्रारंभ किया। फाइनल मैच खेलने दोनों ही टीम मैदान पर उतरी। दोनों ही टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। कश्मीर टीम ने पठानकोट के उपर दबाव बनाए रखा। पठानकोट को एक सुनहरा मौका मिला, पर टीम गोल नहीं कर सकी। फाइनल मैच देखने हजारों दर्शक चरचा क्षेत्र के साथ-साथ आसपास के ग्रामीण अंचल एवं एमसीबी जिले से पहुंचे थे। मैदान दर्शकों से खचाखच भरा रहा। जैसे ही दोनों टीमों को गोल करने का मौका मिला, दर्शकों में काफी उत्साह देखने लायक था। मध्यांतर तक दोनों ही टीमें 0-0 की बराबरी पर रहा। फाइनल मैच के मुख्य निर्णायक आशीष तिवारी, सांतन अग्रवाल, पप्पू कुमार, विशाल प्रजापति, मैच कमिश्नर अनिल कचेर रहे। मध्यांतर के 15 मिनट बाद मैच प्रारंभ हुआ। मध्यांतर के पश्चात दोनों ही टीम मैदान पर उतरी। इसी के साथ कश्मीर टीम को कार्नर मारने का मौका मिला, लेकिन टीम गोल ⏭ शेष पेज 4 पर

ग्रामीणों में दहशत व्याप्त वन विभाग ने बनाई नजर

# पाराडोल और ओदारी पहुंचा हाथियों का दल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनहत/कटगोड़ी

जिले के वनपरिक्षेत्र सोनहत के ग्राम चकदड़ के आश्रित ग्राम पाराडोल और ओदारी जंगल के बीच में हाथियों के दल की मूवमेंट बढ़ी है। 9 हाथियों का दल वनक्षेत्र कंपार्टमेंट 393 में प्रवेश कर गया है। 9 हाथियों के इस दल ने अब तक किसी को भी नुकसान नहीं पहुंचा है। वन अधिकारी सादुल्लाह शेख एवं पुष्पराज पुरी के नेतृत्व में मैदानी अमला हाथियों की मूवमेंट पर नजर बनाए हुए हैं।

ग्रामीणों को सतर्क करने के साथ उनके नजदीक नहीं जाने की नसीहत भी दे रहा है। गौरतलब है कि 23 जनवरी देर रात हाथियों का दल कक्ष क्रमांक 393 सीमा की ओर आप पहुंचा है। हाथियों ने अब तक कोई जनहानि या मकान को क्षति नहीं पहुंचाई है। वन विभाग का कहना है कि फिलहाल हाथियों का दल जंगल से लगे वृक्षों को ही नुकसान पहुंचा रहे हैं और अब तक वे आबादी वाले क्षेत्र में नहीं प्रवेश किए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यदि हाथियों का दल आबादी वाले क्षेत्र में प्रवेश करता है तो उसके लिए स्कूल भवन और आंगनबाड़ी भवनों में ग्रामीणों को ठहराने की तैयारी विभाग द्वारा की गई थी। विभाग द्वारा यह प्रयास किया जा रहा है कि हाथियों का दल आबादी क्षेत्र से दूर और जंगल तक ही सीमित रहे। वनपरिक्षेत्र सोनहत के ग्राम पराडोल एवं उदारी जंगल के बीच कक्ष क्रमांक 393 में 9 हाथियों का दल लगभग रात्रि लगभग 2 बजे पहुंचे हैं। ग्राम चकदड़ और पाराडोल की ओर जाने वाले लोगों को भी हाथियों से सावधान रहने की नसीहत दी जा रही है। वहीं हाथियों ने लोगों को और उनके मकान को नुकसान नहीं पहुंचा है।



### रात में ही पहुंच हाथियों का दल

वन अधिकारी सादुल्लाह शेख और पुष्पराज तिवारी ने बताया कि रात के समय ही हाथी कक्ष क्रमांक 393 की सीमा में घुस आए हैं। हालांकि ग्रामीणों को इसकी जानकारी रात में ही दे दी गई थी। ग्रामीण अपने फसलों के नुकसान को लेकर डरे हुए हैं। कई स्थानों पर सब्जियों और मटर की तैयार है, ऐसे में अगर हाथी वहां पहुंचता है तो काफी नुकसान हो सकता है।

### वन विभाग कर रहा मुनादी

जानकारी के अनुसार वन विभाग सोनहत की टीम लगातार हाथियों के मूवमेंट पर नजर बनाए रखी है। वन कर्मियों के द्वारा ग्रामीणों को जंगल की तरफ ना जाने की हिदायत दी जा रही है। वहीं कुर्मी हाथियों को भी रहवासी क्षेत्र के तरफ आने से रोक रहे हैं। दल में जो हाथी मौजूद है।

## नन्हें बच्चों को बांटी गई सामग्रियां

**कोरिया कॉलरी।** सुभाषचंद्र बोस जयंती के उपलक्ष्य में जीकेसी छग के तत्वाधान में चिरमिरी जिला एमसीबी छग कायस्थ समाज के द्वारा शासकीय प्राथमिक विद्यालय ग्राम डुमरबहरा के नन्हें-नन्हे बच्चों को कापी पेन व चाकलेट वितरण किया गया।



चिरमिरी कायस्थ समाज के अध्यक्ष राजीव वर्मा ने बच्चों को सुभाषचंद्र बोस जयंती और उनकी उपलब्धियों के बारे में बताया जीकेसी जिलाध्यक्ष मनोज सिन्हा, जेकेसी के महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष रीना वर्मा, कजरी श्रीवास्तव, शिखा श्रीवास्तव, प्रकाश श्रीवास्तव, पीएन बाबू उपस्थित रहे। जेकेसी छग के प्रदेश अध्यक्ष बृजभूषण श्रीवास्तव ने बताया कि ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद के अध्यक्षता में भारत के प्रत्येक राज्य में सुभाषचंद्र बोस जयंती के अवसर पर जीकेसी की टीम कहीं वृद्धाश्रम, अनाथ आश्रम, हॉस्पिटल में स्वास्थ्य मरीज को फल, खाने-पीने की सामाग्री, गर्म कपड़े वितरण किया जा रहा है, तो कहीं स्कूल में कॉपी पेन और मिठाईयां वितरण किया जा रहा है।

## कर्पूरी को भारत रत्न देने पर सेन समाज खुश

**डोमनहिल।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न (मरणोपरांत) से सम्मानित करने की राष्टपति भवन की ओर से मंगलवार को एक विज्ञप्ति जारी की गई। घोषणा पश्चात छग सर्व सेन नाई समाज के प्रांतीय उपाध्यक्ष तथा भाजपा मंडल उपाध्यक्ष गणेश ठाकुर ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न से सम्मानित किए जाने की मांग लंबे समय से उठ रही थी।



मुझे खुशी है कि भारत सरकार ने सामाजिक न्याय के प्रतीक महान जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न से सम्मानित करने का निर्णय लिया है और वह भी ऐसे समय में जब हम उनकी जन्मशती मना रहे हैं, यह प्रतिष्ठित मान्यता हासिल पर पड़े लोगों के लिए एक योद्धा और समानता और सशक्तिकरण के दिग्गज के रूप में उनके स्थायी प्रयासों का एक प्रमाण है। कर्पूरी ठाकुर को देश के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न दिए जाने की घोषणा पर नाई समाज के संरक्षक नारायन ठाकुर ने केन्द्र सरकार के इस फैसले को सही निर्णय बताया और खुशियां व्यक्त करते हुए कहा कि कर्पूरी ठाकुर दो बार बिहार के मुख्यमंत्री बने थे। स्व. कर्पूरी ठाकुर को उनकी 100 वीं जयंती पर दिया जाने वाला ये सर्वोच्च सम्मान दलितों, वंचितों और उपेक्षित तबकों के बीच सकारात्मक भाव पैदा करता है। कर्पूरी ठाकुर दो बार बने थे बिहार के सीएम कर्पूरी ठाकुर को बिहार में जननायक के नाम से पुकारा जाता है।

## विवेकानंद महाविद्यालय में युवा महोत्सव व वार्षिकोत्सव



सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देती छात्राएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

शासकीय विवेकानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ के स्वर्ण जयंती वर्ष में स्वामी विवेकानंद जयंती से उद्घाटित युवा महोत्सव कार्यक्रम अंतर्गत आयोजित व्याख्यानमाला, आनंद मेला, पोस्टर प्रतियोगिता, पुष्पगुच्छ प्रतियोगिता, गमला सजाओ प्रतियोगिता आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। महान राष्ट भक्त सुभाष चंद्र बोस के जन्म दिवस, देशभक्ति दिवस पर समापन के रूप में युवा महोत्सव एवं वार्षिकोत्सव का गौरवपूर्ण आयोजन संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि श्रीमती प्रभा पटेल अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद धर्मेन्द्र पटवा, पार्षद सरजू यादव,नेता प्रतिपक्ष नगर पालिका परिषद मनेन्द्रगढ़ के आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. सरोजबाला श्याग विश्नोई ने किया। आमंत्रित अतिथियों में सर्वप्रथम प्रांगण में स्थित स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा तथा मां सरस्वती एवं छग महतारी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित किया गया। तत्पश्चात मधुलिका एवं साथियों ने राज्यगीत प्रस्तुत किया। सम्मान समारोह उपरांत प्राचार्य डॉ. विश्नोई ने महाविद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने वर्षभर के महाविद्यालयीन विविध गतिविधियों एवं उपलब्धियों को बताया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना एवं स्वागत नृत्य से हुई। इसके पश्चात छात्र-छात्राओं के द्वारा विभिन्न प्रांतों के आकर्षक एवं मनमोहक लोकनृत्य प्रस्तुत किए गए। इस दौरान राजस्थानी, पंजाबी, छत्तीसगढ़ी, बंगला, उड़यि, गुजराती, दक्षिण भारतीय एवं बॉलीवुड रीमिक्स आदि सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किए गए। देशभक्ति दिवस के उपलक्ष्य में नेत्रहीन दिव्यांग विद्यार्थियों के द्वारा सुमधुर राष्टभक्ति गीत प्रस्तुत किया गया। एकल गायन, एकल डांस, कवि सम्मेलन एवं नशामुक्ति के लिए जनजागरूकता नाटक प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के अंत में रैम्प वॉक के दौरान भारत के सभी प्रांतों की वेशभूषा, अभिवादन शैली एवं उनके आचार-विचार को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया ,जिसने उपस्थित दर्शकों को आनंदित एवं भाव-विभोर कर दिया। कार्यक्रम का संचालन ⏭ शेष पेज 4 पर


भजन कीर्तन में शामिल स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल।

## रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दिन दीपोत्सव जैसा माहौलः जायसवाल

**डोमनहिल।** अयोध्या में 6 दिन चले अनुष्ठान के बाद सोमवार 22 जनवरी को रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद चिरमिरी क्षेत्र में दीपोत्सव का माहौल बना रहा। क्षेत्र के सभी राम मंदिर सहित अन्य मंदिर को सजाते हुए रामायन गायन, संदरकांड, पाठ, भजन-कीर्तन सहित सभी धर्मिक स्थलों में भोग भंडारा का आयोजन किया गया और मंदिर परिसर और निवास स्थान को साफ-सफाई कर आतिशबाजी कर दीये जलाए गए। रामलला के विराजमान के अवसर पर क्षेत्र के मुसलीम समाज के लोगों ने अपनी सहभागिता बनाए रखी। चिरमिरी क्षेत्र का लाईफा लाईन माना जाने वाला एसईसीएल के सभी कार्यालय दीपावली की तरह सजाया गया। डोमनहिल हनुमान मंदिर परिसर में एलईडी लगाकर अयोध्या राम मंदिर में हो रहे ⏭ शेष पेज 4 पर

## शंकरपुर में रासेयो विशेष सात दिवसीय शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य सह कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रंजना नीलिमा कच्छप के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. एसएन पाण्डेय एवं प्रो. एमसी हिमधर जिला संगठक के मार्गदर्शन में शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के बैनर तले नशामुक्त समाज के लिए युवा थीम पर विशेष सात दिवसीय शिविर प्राथमिक शाला शंकरपुर प्रांगण में 17 से 23 जनवरी तक संचालित किया गया।

शिविर नायिका कुमारी लल्ली राजवाड़े एवं कुमारी सुहानो राजवाड़े हैं। शिविरार्थियों के पांच दल तथा उन दलों के ग्रुप लीडर बनाए गए हैं, इनमें वसुंधरा दल की ग्रुप लीडर कुमारी यशोदा राजवाड़े,



कॉलेज में आयोजित शिविर के दौरान जागरूक करते विद्यार्थी।

सरिता दल की ग्रुप लीडर कुमारी पूजा पनिका, दिनकर दल की ग्रुप लीडर कुमारी अंकिता राजवाड़े, दिवाकर दल की ग्रुप लीडर कुमारी सीमा राजवाड़े एवं भास्कर दल की ग्रुप लीडर कुमारी रीमा मिश्रा है। छात्राएं ग्रामीण जीवन को जीते हुए समाज सेवा के माध्यम से अपना व्यक्तित्व विकास कर रही हैं। डोर-टू-डोर सर्वे कर ग्राम शंकरपुर के 50 परिवारों तथा ग्राम भंडारपारा के 30 परिवारों का सर्वे किया गया तथा प्रत्येक परिवार से मिलकर शिक्षा, स्वच्छता, पर्यावरण के प्रति जागरूक करते हुए नशा से होने वाले दुष्परिणाम की जानकारी देते हुए नशे से दूर रहने की समझाईश दी जा रही है। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भी बेटी-बचाओ बेटी-पढ़ाओ, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, नशामुक्ति, दहेज प्रथा, गरीबी, टोनही प्रताड़ना ⏭ शेष पेज 4 पर

## मिनी स्टेडियम में हुई फाइनल रिहर्सल, कलेक्टर-एसपी ने किया पूर्वाभ्यास का निरीक्षण

# विधायक भइयालाल करेंगे गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण


गणतंत्र दिवस की फाइनल रिहर्सल।


पूर्वाभ्यास के दौरान परेड करते जवान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

गणतंत्र दिवस समारोह 26 जनवरी का आयोजन बैकुंठपुर विधायक भईयालाल राजवाड़े के मुख्य आतिथ्य में संपन्न होगा। रामानुज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के मिनी स्टेडियम में आयोजित होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों के अंतिम रिहर्सल में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी शामिल हुए।

रिहर्सल के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में अपर कलेक्टर नीलम टोप्पो ने ध्वजारोहण किया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक भईयालाल राजवाड़े ध्वजारोहण कर परेड की सालामी लेंगे। तत्पश्चात मुख्यंमत्री विष्णु देव साय का प्रदेश की जनता के नाम संदेश का वाचन किया जाएगा। गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि श्री राजवाड़े द्वारा शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान कलेक्टर श्री लंगेह की उपस्थिति में अंतिम रिहर्सल में मुख्य समारोह के अनुरूप मिनट टू मिनट कार्यक्रम का अभ्यास किया गया तथा स्कूली बच्चों के द्वारा सांस्कतिक प्रस्तुतियों का अभ्यास किया गया। शासन के निर्देशानुसार गणतंत्र दिवस पर विभिन्न विभागों द्वारा आकर्षक झांकियां और स्कूली बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम किए जाएंगे। कलेक्टर श्री लंगेह ने मुख्य मंच की साज-सज्जा, बैठक व्यवस्था तथा सभी आवश्यक तैयारियां समय पूर्व सुनिश्चित करने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए तथा उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा झांकी के संबंध में प्रवेश एवं निकासी, स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति, मार्च पास्ट, पुरस्कार वितरण आदि के लिए विभागों को सौंपे गए दायित्वों के तहत कार्य संपादित करने के निर्देश दिए।

### लंबित आवेदनों के शीघ्र निराकरण के दिए निर्देश

**एमसीबी।** कलेक्टर डी.राहुल वेंकट की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्टरेट के सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान उन्होंने सर्वप्रथम गणतंत्र दिवस समारोह को गरिमामय ढंग से मनाने के लिए आवश्यक व्यवस्था एवं तैयारियां करने के लिए विभिन्न विभागों को दायित्व के बारे में बताया। जिला स्तर पर आयोजित गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह जिले के रक्षित अरक्षित केन्द्र के पुलिस मैदान में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के द्वारा ध्वजारोहण के पश्चात अर्द्धसैनिक बलों,



पुलिस एवं नगर सेना की टुकड़ियों द्वारा सलामी दी जाएगइ, इसके बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के छग जनता के नाम संदेश का वाचन किया जाएगा। वहीं पंचायत एवं ग्रामीण विकास, वन, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, कृषि, उद्यानिकी, मत्स्यपालन, पशुपालन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जल संसाधन इत्यादि विभागों द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं-कार्यक्रमों एवं विभागीय गतिविधियों पर आधारित आकर्षक झॉकियों का प्रदर्शन किया जाएगा। आयोजन के लिए व्यवस्था सुनिश्चित करने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने मंच व्यवस्था, पार्किंग, सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल, विद्युत व्यवस्था आदि सभी कार्य को समय से पहले पूर्ण करने को कहा। गणतंत्र दिवस समारोह में शहीद जवानों के परिजन को सम्मानित किया जाएगा।

